<u>प्रादेशिक समाचार</u>

<u>दिनांक–26.10.2025 (सुबह–0830 बजे)</u>

<u>मुख्य समाचार</u>

1. **प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज सुबह 11 बजे आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम में अपने विचार साझा करेंगे।**
2. **छठ महापर्व के दूसरे दिन खरना आज, छठ व्रती आज दिन भर रखेंगी उपवास, पहला अर्ध्य कल।**
3. **मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रविकुमार ने राज्य में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण के लिए सभी जरूरी तैयारियां समय पर करने का दिया निर्देश, पंचायतों में लगेंगे विशेष कैंप।**
4. **राज्य में 28 से बारिश का अलर्ट, मौसम विभाग के अनुसार अगले तीन दिन में बढ़ेगी ठंड।**
5. **सैफ सीनियर एथलेटिक्स चौंपियनशिप में भारत 12 स्वर्ण, 14 रजत और 6 कांस्य समेत कुल 32 पदक के साथ पदक तालिका में शीर्ष पर, समापन समारोह आज।**

****

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज सुबह 11 बजे आकाशवाणी पर मन की बात कार्यक्रम में देश–विदेश के लोगों के साथ अपने विचार साझा करेंगे। यह कार्यक्रम पूरे आकाशवाणी और दूरदर्शन नेटवर्क आकाशवाणी समाचार वेबसाइट और न्यूज़ऑनएआईआर मोबाइल ऐप पर प्रसारित किया जाएगा। इसका सीधा प्रसारण आकाशवाणी समाचार, डीडी न्यूज़, प्रधानमंत्री कार्यालय और सूचना और प्रसारण मंत्रालय के यूट्यूब चैनलों पर भी किया जाएगा। आकाशवाणी हिंदी प्रसारण के तुरंत बाद क्षेत्रीय भाषाओं में भी कार्यक्रम का प्रसारण करेगा।

****

नहाय–खाय के साथ चार दिवसीय छठ महापर्व के दूसरे दिन आज व्रती खरना की तैयारी में जुट गई हैं। आज व्रती दिन भर उपवास रखेंगी और सूर्यास्त के बाद पूजा अर्चना करेंगी। इसके बाद भगवान को खीर, रोटी, केला सहित अन्य नैवेद्य अर्पित कर ध्यान करेंगी। कल छठ व्रती अस्ताचलगामी सूर्य को पहला अर्घ्य अर्पित करेंगी।

इधर छठ को लेकर राजधानी रांची सहित राज्य के सभी जिलों में छठ घाटों को तैयार कर लिया गया है। वहीं प्रशासन की ओर से नदी और तालाबों में सुरक्षा के व्यापक इंतजाम भी किये गये हैं।

****

दुमका शहर और इसके आसपास करीब एक दर्जन तालाबों में भगवान सूर्य को अर्घ्य देने की तैयारी की गई है।

****

सूर्य उपासना के महापर्व छठ के अवसर पर सिमडेगा जिले में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर वॉकल फॉर लोकल को लेकर खास जागरूकता दिख रही है। छठव्रती मधु ने कहा कि स्थानीय स्तर पर निर्मित सूप, टोकरी और मिट्टी के बर्तन की खरीदारी की जा रही है।

****

मुख्य निर्वाचन पदाधिकार के रविकुमार ने राज्य में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण –एसआईआर कार्यक्रम के लिए सभी जरूरी तैयारियां समय पर करने का निर्देश दिया है। उन्होंने कहा है कि एसआईआर के क्रम में मतदाताओं को कम से कम दस्तावेज प्रस्तुत करने पड़े, इसके लिए 2003 की मतदाता सूची से उनकी पैतृक मैपिंग अनिवार्य रूप से की जाए। पैतृक मैपिंग के कार्य में तेजी लाने के लिए ग्रामीण क्षेत्रों में सभी पंचायत स्तर पर और शहरी क्षेत्र में सभी वार्ड स्तर पर विशेष कैंप आयोजित किए जाएंगे।

****

घाटशिला उपचुनाव को लेकर सभी राजनीतिक दलों ने पूरी ताकत झोंक दी है। राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री चंपई सोरेन ने गालूडीह से जनसंपर्क अभियान की शुरुआत की। इस दौरान उनके साथ भाजपा प्रत्याशी बाबूलाल सोरेन भी मौजूद रहे। चंपई सोरेन ने जनता से बाबूलाल सोरेन के पक्ष में मतदान की अपील करते हुए कहा कि यह चुनाव आदिवासी अस्मिता और सम्मान की लड़ाई है।

****

नरेन्द्र मोदी सरकार द्वारा कई क्षेत्रों में जीएसटी दरों में कटौती के साथ 22 सितंबर को शुरू किए गए जीएसटी बचत उत्सव से देश भर में लोगों को लाभ हुआ है। हमारे संवाददाता ने बताया है कि जूता उद्योग क्षेत्र में नई जीएसटी दरें लोगों के लिए मददगार साबित हो रही हैं।

****

मौसम विभाग ने राज्य में 28 से 30 अक्टूबर तक बारिश का अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग के अनुसार बंगाल की खाड़ी के दक्षिणी भाग में बना गहरा निम्न दबाव क्षेत्र प्रबल चक्रवातीय तूफान में परिवर्तित होने की ओर अग्रसर है। कल सुबह तक इसके गहरे निम्न दबाव से चक्रवातीय तूफान का रूप लेने के आसार हैं। उत्तर–पश्चिम की ओर बढ़ते हुए 28 अक्तूबर की सुबह तक यह गंभीर चक्रवातीय तूफान में बदल जाएगा। इसका सीधा असर झारखंड पर पड़ेगा। अगले तीन दिन में ठंड भी बढ़ने की संभावना जताई गई है।

****

रामगढ़ के फुटबॉल मैदान में हस्तशिल्प मेला का आयोजन किया गया है। मेले में करीब दो दर्जन स्टॉल लगाये गये हैं। उद्घाटन करते हुए जिले के पुलिस अधीक्षक अजय कुमार ने कहा कि स्थानीय लोग एक बार यहां जरूर आयें।

रांची के बिरसा मुंडा एथलेटिक्स स्टेडियम में आयोजित सैफ सीनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप के दूसरे दिन भारतीय एथलीटो ने शानदार प्रर्दशन जारी रखते हुए सात स्वर्ण, आठ रजत और तीन कास्य पदक जीते। भारत पदक तालिका में शीर्ष स्थान पर है। अब भारत के खाते में 12 स्वर्ण, 14 रजत और 6 कांस्य समेत कुल 32 पदक हो गए है। पदक तालिका में श्रीलंका दूसरे स्थान पर है। चौंपियनशिप का समापन आज होगा। समारोह के मुख्य अतिथि विधानसभा अध्यक्ष रविंद्र नाथ महतो होंगे। समापन समारोह कार्यक्रम रात 8 बजे से शुरू होगा।

****

और अब अखबारों की सुर्खियां

रांची से प्रकाशित अधिकांश अखबारों ने चाइबासा में लापरवाही से थैलेसिमिया पीड़ित बच्चों को संक्रमित रक्त चढ़ाने की खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

हिंदुस्तान ने लिखा है लापरवाही, चाइबासा में 4 और बच्चे एचआईवी पॉजिटिव मिल।

दैनिक भास्कर की सुर्खी है रोहित के शतको का अर्धशतक, कोहली वनडे में अब दूसरे सबसे बड़े रनबाज

प्रभात खबर लिखता है सीबीआई ने भेजी सूची, जेपीएससी ने उनहत्तर असिस्टेंट प्रोफेसर की प्रोन्नति रोकी।

दैनिक जागरण के शब्द हैं 18 नवंबर से फिर शुरू होगा आपकी योजना आपकी सरकार का पांचवा चरण।

********समाप्त************